(ख) उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय प्रैस परिषद् को प्राप्त शिकायतों की संख्या इस प्रकार है :

वर्ष	प्राप्त शिकायतें
1989–90	340
1990–91	431
1991–92	341

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय प्रैस परिषद् द्वारा निपटायी गयी शिकायतों की संख्या (पिछले वर्षों की शिकायतों सहित) इस प्रकार है :

वर्ष	कुल निपटाये गये मामले
1989–90	440
1990–91	450
1991–92	485

Closing of Production Centre of Nagpur Doordarshan

1579. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the reason for closing down the production centre of Nagpur Doordarshan Kendra; and

(b) whether Government propose to restart this production centre?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) The Programme Generation Facility (PGF) Centre at Doordarshan Kendra, Nagpur has not been closed.

(b) Does not arise.

Magazines Published in Gujarat and Uttar Pradesh

1580. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the names of the weekly, fortnightly and monthly magazines published in Gujarat and Uttar Pradesh, separately, alongwith the places of their publications and the extent of their circulation; and

(b) the details of the complaints received against these newspapers/magazines during the last three years.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) About 4000 periodicals are published from Gujarat and Uttar Pradesh as per the information compiled by the Office of the Registrar of Newspapers for India as on 31.12.1990. The details of periodicals published from various States and Union Territories as on 31-12-1990 are available in the Parliament House Library.

(b) During the last three years, the Office of Registrar of Newspapers for India received complaints against 37 periodicals published from Guajrat and Uttar Pradesh in respect of their circulation claims. Circulation check in case of 30 of them has been done and in case of seven is in progress.

राहुल सांकृत्यायन की जन्मशती पर कार्यक्रम

1581 **श्री राम नरेश यादव** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्री राहुल सांकृत्यायन की जन्मशती मनाने के लिए कोई प्रस्तावित कार्यक्रम हैं ; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी केन्द्रों को कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :(क) और (ख) सभी आकाशवाणी केन्द्रों, विशेषतया हिन्दी क्षेत्र के केन्द्रों को सलाह दी गई है कि राहुल सांकृत्यायन की जन्मशती मनाने के लिए उपयुक्त कार्यक्रम तैयार किए जाएं और इस संबंध में आयोजित सार्वजनिक समारोहों की कवरेज की व्यवस्था की जाय।

दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ को भी सलाह दी गयी है कि महा पंडित राहुल सांकृत्यायन पर वृत्तचित्र तैयार किया जाए।

दूरदर्शन और आकाशवाणी के प्रसारणों का जनता को लाभ

1582. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के अंत तक आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रमों के प्रसारण का लाभ प्रत्येक राज्य के कितने प्रतिशत लोगों को मिलने की संभावना है ;

(ख) क्या देश की सम्पूर्ण जनसंख्या को आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रसारणों की परिधि में लाये जाने का विचार है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं ; और

(घ) इस संबंध में मध्य प्रदेश से संबंधित आंकड़े क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) ब्यौरा विवरण में दिया गया है । (**नीचे देखिये**)।

(ख) और (ग) वर्तमान में चलाई जा रही/आठवीं योजना अवधि के दौरान चलाई जाने वाली दूरदर्शन और आकाशवाणी की विभिन्न परियोजनाओं के शुरू हो जाने पर जनसंख्या की दृष्टि से दूरदर्शन की कवरेज 90 प्रतिशत और रेडियो की कवरेज 97.5 प्रतिशत हो जायेगी ।

(घ) इस समय राज्य की 60.1 प्रतिशत जनसंख्या को दूरदर्शन की और 96.5 प्रतिशत जनसंख्या को रेडियो की कवरेज प्राप्त होती है । कतिपय स्कीम के पूरा हो जाने पर, यह कवरेज बढ़कर क्रमशः 76.5 प्रतिशत और 97 प्रतिशत हो जायेगी।

विवरण

1992-93 के अन्त तक परिकल्पित राज्यवार जनसंख्या कवरेज

		दूरदर्शन	आकाशवाणी
1	2	3	4
1.	**राज्य**		
1.	आंध्र प्रदेश	78.4	99
2.	अरुणाचल प्रदेश	44.4	98
3.	असम	82.8	98
4.	बिहार	91.7	99*